रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:31 | बुधवार,01 अक्टूबर



## सूचना

विजयादशमी और दशहरा के अवसर पर एक और दो अक्टूबर को वनांचल आई कार्यालय में अवकाश रहेगा। इस कारण अगला अंक शनिवार दिनांक चार अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि महाअष्टमी की शुभकामनाएं दीं

एजेंसी



नई दिल्ली: मोदी ने शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के उपलक्ष्य में हर किसी के जीवन में सुख और शांति की कामना की। उन्होंने एक्स हैंडल परलिखा, " सभी देशवासियों को नवरात्रि की महाअष्टमी की ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।" प्रधानमंत्री मोदी ने शक्ति उपासना के इस महापर्व पर शारदीय नवरात्रि के आरंभ से ही देवी के हर स्वरूप के अवसर पर देशवासियों के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने देवी मां के चरणों को नमन करते हुए उनसे कामना कि सभी के दुखों को हरें। लोगों के जीवन में नए तेज का संचार करें। देवी माता के आशीर्वाद से सबका कल्याण हो। उन्होंने यह भी प्रार्थना कि देवी मां सभी को अदम्य साहस का आशीष प्रदान करें। सबके जीवन में आत्मबलका संचार करें।

### दो अक्टूबर तक बंद रहेंगे बैंक

संवाददाता

रांची : दुर्गापूजा और दशहरा पर्व के अवकाश के कारण झारखंड के सभी बैंक मंगलवार से लगातार तीन दिनों तक बंद रहेंगे। बैंकिंग संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार मंगलवार को महाअष्टमी, एक अक्टूबर बुधवार को महानवमी-दशहरा एवं दो अक्टूबर गुरुवार को विजय दशमी और गांधी जयंती के अवसर पर अवकाश रहेगा। इस कारण राज्यभर में बैंकिंगसेवाएं बंद रहेंगी।

### ईडी ने अमित गुप्ता की 15.41 करोड़ की संपत्ति जब्त की

संवाददाता

रांची :: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 734 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले की जांच के दौरान 15.41 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इससे पहले इस मामले में 5.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। जब्त की गई संपत्तियां घोटाले के मास्टरमाइंड के करीबी अमित गुप्ता के नाम हैं और ये सभी संपत्तियां कोलकाता में स्थित हैं। जांच में यह पाया गया कि घोटाले के सिंडिकेट ने कमीशन के रूप में 67 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की है। अधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जब्त की गई संपत्ति घोटाले के मास्टर माइंड के करीबी अमित गुप्ता की है। जब्त की गई सभी संपत्तियांकोलकाता में स्थित हैं।

# अविनाश कुमार बने झारखंड के मुख्य सचिव, अलका को विदाई

## सीएम के अपर मुख्य सचिव का भी प्रभार मिला है 1993 बैच के इस अधिकारी को

संवाददाता। रांची





**रांची :** 1993 बैच के आईएएस अविनाश कुमार झारखंड के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें कई अन्य महत्वपूर्ण पदों का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। राज्य सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने 30 सितंबर की शाम इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार, अविनाशकुमार के पास मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव और नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन के मुख्य स्थानिक आयुक्त का अतिरिक्त पदभार भी होगा। इसके पूर्व इसके अलावा विकास आयुक्त, झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का भी प्रभार था। अधिसूचना के अनुसार, राज्य स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर कार्यरत अजय कुमार सिंह को अगले आदेश तक विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अविनाश कुमार के पहले पहले 1988 बैच की आईएएसअधिकारी अलका तिवारी राज्य के मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थीं। उनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो गया। उन्होंने 1 नवंबर 2024 को मुख्य सचिव का पद संभाला था। अलका तिवारी के बाद राज्य में आईएएस अफसरों की वरीयता सूची में शैलेश कुमार सिंह सबसे ऊपर हैं। वह वर्ष 1991 बैच के आइएएस अफसर हैं,

### मर्डर केस में पुलिस की जांच में सामने आई चौंकाने वाली सच्चाई

# तंत्र-मंत्र के चक्कर में सिद्धि पाने के लिए दोस्त की ही चढ़ा दी बलि

एजेंसी

गोलमुरी : गोलमुरी के गाढ़ाबासा में 22 साल के अजय बासा उर्फ झंटू नामक युवक की हत्या सोमवार की आधी रात में कर दी गई। इस हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी संदीप को रात में ही घटना के कुछ देर बाद गिरफ्तार कर लिया था। बाद में चार अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। संदीप ने जुर्म कुबूल कर लिया है। उसके एक मुख्य साथी भारत को भी पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि हत्या की योजना इन दोनों ने मिल कर बनाई थी। पुलिस का कहना है कि तंत्र- मंत्र में सिद्धि पाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में संदीप के भाई, उसकी मां और उसके जीजा को भी हिरासत में लिया है। घटनास्थल से चाकू, बक्सा और पूजा का सामान बरामद कर लिया गया है। इसी बक्से में बेहोशी की स्थिति में अजय को भरकर केबुल टाउन से गाढ़ाबासा लाया गया था। घटना के फौरन बाद पकड़ाए संदीप से पूछताछ के बाद पुलिस उसके मुख्य सहयोगी भारत को पकड़ कर थाने लाई। इनसे पूछताछ के बाद तीन और संदिग्ध युवक पकड़े गए हैं। संदीप और भारत ने जो कहानी बताई है, उसके अनुसार संदीप तंत्र-मंत्र की सिद्धि पाना चाहता था।आरोपी अपने दोस्त अजय बासा की बलि देने की योजना तैयार कर चुका था। इसी योजना के तहत संदीप ने केबुल टाउन में किराए का एक कमरा लिया। यहां सोमवार की रात अजय बासा उर्फ झंटू को पार्टी के नाम पर बुलाया गया। अजय बासा यहां पहुंचा तो उसे खिलाने-पिलाने के बाद उसे बेहोश कर दिया और एक बड़े बक्से में बंद कर दिया। यह बक्सा संदीप और भारत बाजार से सोमवार को ही खरीद कर लाए थे। बक्से में अजय बासा को बंद करने के बाद उसे गाढ़ाबासा स्थित अपने घर लाया और

### मुख्य आरोपी संदीप सहित पांच आरोपियों को जमशेदपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **संदीप ने कबूला- साथी अजय के खून से किया गया तंत्र-मंत्र भारत के साथ मिलकर बनाई हत्या की योजना**
- **संदीप के भाई, उसकी मां और उसके जीजा को भी हिरासत में लिया गया**
- **घटनास्थल से चाकू, बक्सा और पूजा का सामान किया गया बरामद**



### अजय के खून से किया गया तंत्र-मंत्र

आरोपी अपने दोस्त अजय बासा की बलि देने की योजना तैयार कर चुका था। इसी योजना के तहत संदीप ने केबुल टाउन में किराए का एक कमरा लिया। यहां सोमवार की रात अजय बासा उर्फ झंटू को पार्टी के नाम पर बुलाया गया। अजय बासा यहां पहुंचा तो उसे खिलाने-पिलाने के बाद उसे बेहोश कर दिया और एक बड़े बक्से में बंद कर दिया। यह बक्सा संदीप और भारत बाजार से सोमवार को ही खरीद कर लाए थे। बक्से में अजय बासा को बंद करने के बाद उसे गाढ़ाबासा स्थित अपने घर लाया और यहां तंत्र-मंत्र कीपूजा शुरू की।

### अजय के पिता की मौत पर भी दिया बयान

संदीप ने अजय के पिता का होटल खरीद लिया था। संदीप ने पुलिस को बताया कि उसने अजय को तंत्र-मंत्र के जरिए अपने वश में कर लिया था। काफी समय से वह अजय की बलि चढ़ाने की तैयारी कर रहा था। जांच में पता चला है कि संदीप के पिता ने कुछ साल पहले फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। संदीप की बहन की भी संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी।

# रांची में दुर्गोत्व की धूम : पंडालों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



एजेंसी

**रांची।** शारदीय नवरात्र की महाष्टमी में रांची के किशोरगंज, मोरहाबादी और कमड़े स्थित देवी मंडपों और दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला. मां महागौरी की आराधना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. हाथों में पूजा की थाल, नारियल, फूल, अक्षत और प्रसाद लेकर भक्त मां के दरबार में पूजा-अर्चना करने पहुंचे. इस दौरान मंदिर परिसर जय माता दी के उद्घोष से गुंजायमान रहा. भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर देवी मां से अपनेपरिवार सुख शांति की कामना की।

### मोराबादी में होगा रावण दहन मुख्यमंत्री हेमंत करेंगे उद्घाटन

रांची। विजयादशमी के अवसर पर राजधानी रांची के मोराबादी और अरगोड़ा मैदान में इस बार रावण दहन का आयोजन बेहद खास और भव्य होने वाला है. दोनों ही मैदानों में तैयारियां जोरों पर हैं और आयोजक समितियां दर्शकों को यादगार अनुभव देने के लिए विशेष आकर्षण जोड़ रही हैं.मोराबादी मैदान की खासियत : हर साल की तरह इस बार भीरावण दहन का सबसे बड़ा आयोजन मोराबादी मैदान में किया जाएगा.

### बिहार में फाइनल वोटर लिस्ट से कट गए 48 लाख नाम

# अब 7.41 करोड़ मतदाता चुनेंगे नई सरकार

एजेंसी



नई दिल्ली :चुनाव आयोग ने 22 साल बाद विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त होने के साथ, चुनाव की तारीखें अगले सप्ताह घोषित होने की संभावना है, जिसमें पहला चरण अक्टूबर के अंत में छठ के तुरंत बाद होने की उम्मीद है। भारत निर्वाचन आयोग ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर अंतिम मतदाता सूची अपलोड कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के आलोक में, 30 सितंबर, 2025 की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। कोई भी मतदाता https://voters.eci.gov.ल्ल लिंक के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण देख सकता है। चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि विशेष गहन संशोधन के मद्देनजर, अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर, 2025 को प्रकाशित की गई है। कोई भी मतदाता दिए गए लिंक के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण देख सकता है। सटीक संख्याओं के बारे में और जानकारी

# जीएसटी घोटाले के आरोपित अमित गुप्ता की 15.41 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की जब्त

एजेंसी




रांची: प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने 734 करोड़ रुपये की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) घोटाले की जांच के दौरान 15.41 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इससे पहले इस मामले में 5.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। अधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जब्त की गई संपत्ति घोटाले के मास्टर माइंड के करीबी अमित गुप्ता की है। जब्त की गई सभी संपत्तियां कोलकाता में स्थित हैं। घोटाले के सिंडिकेट में शामिल लोगों ने कमीशन के तौर पर 67 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की है। ईडी रांची ने जीएसटी इंटेलिजेंस की ओर से दर्ज किए गए मामलों के आधार पर जीएसटी घोटाले की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान ईडी ने आठ मई 2025 को जमशेदपुर और कोलकाता में छापा मारा। छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों और सबूतों के आधार पर घोटाले के मास्टर माइंड शिवकुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को गिरफ्तार किया गया था। ईडी की ओर से मामले की जांच के बाद गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। जांच में पाया गया कि जीएसटी घोटाले को अंजाम देने के लिए शिव कुमार देवड़ा सहित अन्य आरोपितों ने मिलकर 135 शेल कंपनियां बनाई हैं और शेल कंपनियों के सहारे बगैर सामग्रियों के आपूर्ति के ही जीएसटी का फर्जी बिला बनाया और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। आरोपितों ने फर्जी जीएसटी बिल के बदले पांच प्रतिशत की दर से कमीशन लिया। इस तरह इन लोगों नें सिर्फ कमीशन के रूप में 67 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की। मामले में ईडी की जांच जारी है।

## न्यूज स्टडी

### झारखंड सरकार के मंत्रियों का समूह पहुंचा सारंडा

# आमसभा में ग्रामीणों ने की परंपरागत वन अधिकारों की सुरक्षा की मांग

एजेंसी



**चाईबासा।** झारखंड के सारंडा जंगल को वन्यजीव अभयारण्य (वाइल्ड लाइफ सेंचुरी) घोषित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद ग्रामीणों की राय जानने के लिए सरकार द्वारा गठित मंत्रियों की टीम ने मंगलवार (30 सितंबर) को क्षेत्र का दौरा किया। ःरुप ऑफ मिनिस्टर्स में शामिल मंत्रियों ने ग्रामीणों की राय जानने के लिए आमसभा का आयोजन किया। यह दौरा विशेष रूप से पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा में किया गया। आमसभा में 56 गांवों के ग्रामीण और जन प्रतिनिधि काफी संख्या में शामिल हुए ।मंत्रियों के समूह में क्रमशः राधा कृष्ण किशोर, दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, दीपिका पांडेय सिंह, संजय प्रसाद यादव ने सारंडा वन्यजीव अभयारण्य की घोषणा से पहले स्थानीय जनजातीय समूहों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन पर पड? वाले प्रभाव का आकलन करने के लिए यह संवाद आयोजित किया। ग्रामीणों की मुख्य चिंता और मांगें : सभा में ग्रामीणों ने वन्यजीव अभयारण्य घोषित होने पर अपनी आशंका और मांगों को खुलकर सामने रखा ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनके खेत, वनोपज और पारंपरिक पूजा- स्थलों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अपने परंपरागत वन अधिकारों की सुरक्षा की मांग की। खनन और रोजगारःस्थानीय लोगों ने लौह अयस्क खनन गतिविधियों पर अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि खनन से जंगल, नदी और नाले तो बर्बाद हो रहे हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को नियमित रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने बंद पड़ी खदानों को फिर से चालू करने और सारंडा के युवाओं को 100 प्रतिशत रोजगार देने की मांग की। बुनियादी सुविधाएं : ग्रामीणों ने क्षेत्र में डीएमएफटी फंड का पैसा खर्च होने के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी पर सवाल उठाए जैसे कि अस्पतालों में बेड की अनुपल?

# चेन्नई में बड़ा हादसा : निर्माणाधीन थर्मल पावर स्टेशन में 30 फीट ऊंचाई से गिरा आर्च, 9 मजदूरों की मौत

एजेंसी



**चेन्नई।** चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन (एनोर) के निर्माण स्थल पर मंगलवार को एक निमार्णाधीन इमारत ढह गई, जिसमें 9 मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 30 फीट की ऊंचाई के एक आर्च कई मजदूरों पर गिर गया। जिस वजह से कई मजदूर मलबे में दब गए। सभी मजदूर उत्तर भारत से हैं। घायलों को स्टेनली मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक उनके ऊपर 30 फीट ऊंचाई से आर्च गिर गया जिससे अफरातफरी मच गई और इसमें दबकर नौ मजदूरों की मौत हो गई। ये सभी प्रवासी मजदूर बताए जा रहे हैं जो उत्तर भारत के रहने वाले हैं। मलबे में दबे हुए मजदूरों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। घायल मजदूरों में से एक मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है। दस से ज्यादा मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायल मजदूरों को नॉर्थ चेन्नई के स्टेनली सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अवादी पुलिस आयुक्तालय ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि, दुर्घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बचाव अभियान जारी है और अधिकारियों ने घटना

# दुर्गा पूजा और दिवाली में बूम पर रहेगा बाजार, बोनस से आएगा 3000 करोड़

**रांची, संवाददाता ।**

दुर्गा पूजा और दीवाली में इस साल बाजार बूम पर रहेगा. निजी और सार्वजनिक क्षेत्र से बोनस के रूप में लगभग 3000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे. यह राशि खरीदारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में खर्च की जाएगी. इसमें से लोग 25 से 35 फीसदी बचत भी करेंगे. रेलवे सहित अन्य सरकारी उपक्रमों से बोनस के रूप में लगभग 750 करोड़ रुपये दिए जाएंगे.



### टाटा समूह के कर्मियों के साथ कोलकर्मियों को बोनस

1100 कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को कुल 600 करोड़ रुपये तक बोनस मिलने की संभावना है.

झारखंड में लगभग 70,000 से अधिक कोयला कर्मी कार्यरत हैं.

कोल इंडिया की ओर से उन्हें 1.03 लाख रुपये बोनस के रूप में मिलेंगे.

झारखंड के हिस्से में लगभग 750 करोड़ रुपये की राशि आएगी.

### किस क्षेत्र में बोनस का कितना खर्च होगा

| | | |
|---|---|---|
| ज्वेलरी- पांच से छह फीसदी | मेडिकल एवं ट्रीटमेंट- 15 से 20 फीसदी | शराब- 100 फीसदी |
| शेयर एंड सेविंग- 10 से 12 फीसदी | वाहन- 25 से 30 फीसदी | होजियरी- 70 फीसदी |
| फर्नीचर- पांच से छह फीसदी | झारखंड में किस चीज का कितना बढ़ा है कारोबार | तकनीकी संयत्र- 110 फीसदी |
| कपड़ा- 40 से 50 फीसदी | इलेक्ट्रॉनिक प्रोड्क्ट- 55 फीसदी | हार्डवेयर- 190 फीसदी |
| टूर एंड इंटरटेनमेंट- पांच से आठ फीसदी | एलपीजी- 70 फीसदी | किराना गुड्स- 50 फीसदी |
| उधार चुकता- 10 से 15 फीसदी | मशीनरी उपकरण- 60 फीसदी | मशीनरी पार्ट्स- 50 फीसदी |

**दुर्गा पूजा में 1000 से 1200 करोड़ के कारोबार की संभावना**

दुर्गा पूजा में लगभग 1000 से 1200 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना है. राजधानी में भी लगभग 400 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना जताई जा रही है. इसमें कपड़ा का कारोबार 40 से 50 से करोड़ रुपये का होगा.इसके अलावा टूर और इंटरटेनमेंट में भी खर्च किये जाएंगे. वाहनों की बुकिंग और खरीदारी में 70 से 80 करोड़ रुपये खर्च की संभावना है. धनतेरस में आभूषणों पर लगभग 70 करोड़ खर्च होने की संभावना है.इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्टों में लगभग 50 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना है. मेडिकल-ट्रीटमेंट व अन्य सुविधाओं में लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है.

**धनतेरस में भी बरसेगा धन**

धनतेरस में भी धन बरसेगा. राजधानी में दुर्गा पूजा के पहले से ही सभी तरह के प्रोडक्टों की बुकिंग शुरू हो गयी है. ज्वेलरी में लगभग 50 से 55 करोड़ के कारोबार की संभावना है.ब्लश कलेक्शन में लाइटवेट में 18 कैरेट गोल्ड 1.88 ग्राम से 4.43 ग्राम के आभूषण और ग्लैम गोल्ड में 22 कैरेट के आभूषण बाजार में उपलब्ध करा दिये गये हैं. इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट की बिक्री में भी 50 फीसदी की वृद्धि हुई है.

**300 करोड़ की प्रोपर्टी डीलिंग भी**

बाजार के जानकारों के अनुसार राज्य भर में लगभग 300 करोड़ रुपये के प्रोपर्टी डीलिंग की भी संभावना जताई जा रही है. क्रॉकरी और स्टील के बर्तन में भी लगभग 20 करोड़ के कारोबार की संभावना है. मिक्सचर, बिस्किट और चॉकलेट में लगभग 10 करोड़ का कारोबार होगा. इन तीनों में लगभग 300 वेराइटियां उपलब्ध कराई गयी हैं.

# झारखंड के इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी ! दशहरा में पड़ सकता है खलल

**रांची, संवाददाता ।**

इस साल 2 अक्टूबर का दिन बेहद खास है. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के साथ-साथ दशहरा भी है. इस दिन बापू की याद में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित होते हैं. साथ ही रावण दहन भी इसी दिन होना है. इस बीच मौसम केंद्र से आई खबर ने चिंता बढ़ा दी है. मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल के मुताबिक 1 अक्टूबर को दोपहर के बाद से मौसम में बदलाव दिखना शुरू हो जाएगा जबकि 2 अक्टूबर और 3 अक्टूबर को राज्य के करीब 12 जिलों में भारी बारिश की संभावना है. इस दौरान वज्रपात और 30-40 किमी की रफ्तार से तेज हवा भी चलने की संभावना है.

**बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर की वजह से बदलेगा मौसम**

मौसम केंद्र के मुताबिक 30 सितंबर को उत्तरी अंडमान सागर में एक ऊपरी वायु साइक्लोनिक सकुर्लेशन के उभरने की संभावना है. इसके प्रभाव से 1 अक्टूबर को आसपास



बंगाल की खाली के मध्य भागों में एक लो-प्रेशर बनने की संभावना है. इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 2 अक्टूबर के आसपास पश्चिम-मध्य और निकटवर्ती उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में तीव्र होकर डिप्रेशन में बदलने की संभावना है. फिर यह पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा और फिर 3 अक्टूबर की सुबह के आसपास दक्षिण ओड़िशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटों को पार करेगा.

**2 अक्टूबर से इन जिलों में होगी भारी बारिश**

मौसमी बदलाव की वजह से झारखंड के सभी जिलों में 2 से 3 अक्टूबर के बीच हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है जबकि कुछ जिलों में भारी बारिश के आसार हैं. इनमें गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसांवा में भारी बारिश की संभावना जताते हुए चेतावनी जारी की गई है. जबकि 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर के बीच गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा और गिरिडीह जिला में भारी बारिश का अनुमान है. मौसम केंद्र, रांची ने संबंधित जिलों में 2 अक्टूबर से 5 अक्टूबर के बीच येलो अलर्ट जारी किया है.

# रांची नगर निगम के 209 सफाई मित्र कर रहे है पूजा पंडालों की सफाई



**रांची, संवाददाता ।**

दुर्गा पूजा को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहरभर में विशेष सफाई अभियान शुरू किया है. इस अभियान में नगर निगम के कुल 209 सफाई मित्र लगातार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. उनका मुख्य उद्देश्य है कि पूजा पंडालों और उनके आसपास का पूरा इलाका स्वच्छ और साफ-सुथरा बना रहे, ताकि श्रद्धालू बिना किसी असुविधा के पूजा-अर्चना कर सकें. नगर निगम की ओर से प्रतिदिन सुबह और शाम नियमित रूप से सफाई की जा रही है. खासकर पूजा पंडालों के आसपास झाड़ू लगाना, कचरा उठाना और गंदगी का निस्तारण करना प्राथमिकता में रखा गया है. इसके साथ ही निगम द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि रात के समय भी सफाई कार्य जारी रहे, ताकि अगले दिन श्रद्धालुओं को साफ वातावरण मिले. नगर निगम प्रशासन ने बताया कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए विशेष निगरानी टीम भी तैनात की गई है. यह टीमें अलग-अलग इलाकों का दौरा कर सफाई की स्थिति पर नजर रख रही हैं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कार्रवाई कर रही हैं.

# झारखंड की अंडर-23 क्रिकेट टीम घोषित, सीके नायडू ट्रॉफी में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने बीसीसीआई डोमेस्टिक टूनामेंट कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी 2025-26 के लिए झारखंड अंडर-23 पुरुष टीम की घोषणा कर दी है. यह टूनामेंट 16 अक्टूबर से जमशेदपुर में खेला जाएगा. इस संबंध में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी साझा की गई है. जेएससीए की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चयनित खिलाड़ियों को 4 अक्टूबर को जमशेदपुर पहुंचना है. टीम का प्रशिक्षण शिविर 5 से 12 अक्टूबर तक जमशेदपुर के केनन स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा.

**राजनदीप को बनाया गया कप्तान**

टीम की कमान राजनदीप सिंह को सौंपी गई है, जबकि रोबिन मिंज को उपकप्तान बनाया गया है. टीम में



कई युवा और प्रतिभाशाली चेहरे शामिल हैं, जिन्हें इस मंच पर अपने प्रदर्शन से भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाने का मौका मिलेगा.

**घोषित टीम इस प्रकार है**

राजनदीप सिंह (कप्तान), रोबिन मिंज (उपकप्तान/ विकेटकीपर), मोहम्मद कौनेन कुरैशी, शुभ शर्मा, यशपी भगत (विकेटकीपर), नकुल कुमार यादव, आर्यन हुडा, ओम सिंह, अभिषेक यादव, अमित कुमार, रौनक कुमार, मोहम्मद अफसर, बिसेश दत्ता, हतिक आनंद, तनिष चौबे, शमशाद अहमद (फिटनेस पर निर्भर) औक सत्य सेतु शामिल हैं. इस संबंध में जेएससीए के सचिव सौरभ तिवारी ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन पूरी पारदर्शिता और प्रदर्शन के आधार पर किया गया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि झारखंड की अंडर-23 टीम इस बार शानदार खेल दिखाएगी और राज्य का नाम रोशन करेगी. गौरतलब हो कि झारखंड की क्रिकेट प्रतिभा देशभर में अपनी पहचान बना रही है और अंडर-23 टीम की घोषणा से एक बार फिर यह साफ हो गया है कि राज्य के युवा क्रिकेटरों में अपार संभावनाएं हैं.

## झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में 400 पदों पर भर्ती, 300 कर्मियों को मिलेगा प्रमोशन

**रांची।** झारखंड के युवाओं के लिए बड़ी खबर है. झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक मार्च 2026 तक 400 खाली पदों पर बहाली करेगा. इसके साथ ही बैंक में कार्यरत करीब 300 कर्मियों और पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी जाएगी. वहीं संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी स्थायी किया जाएगा.बैंक की चेयरमैन विभा सिंह ने जानकारी दी कि इस पर बोर्ड से सहमति मिल चुकी है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में बैंक 90 करोड़ रुपये घाटे में था और सकल एनपीए 52% तक पहुंच गया था. अब स्थिति सुधर चुकी है, सकल एनपीए घटकर 9% और शुद्ध एनपीए 3% पर आ गया है. पहली बार बैंक ने 28 करोड़ रुपये आयकर का भुगतान भी किया है.वर्तमान में झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के 16 लाख खाताधारी हैं और बैंक का कारोबार साढ़े चार हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

# डीसी ने सपरिवार किए मां दुर्गा के दर्शन, जिला वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



**रांची, संवाददाता ।**

नवरात्र के पावन अवसर पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आज सपरिवार शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पूरे जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की. उपायुक्त ने पूजा पंडालों में पहुंचकर श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा सिर्फ धार्मिक उत्सव ही नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है. श्री भजन्त्री ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस त्योहार को आपसी एकता, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं. साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि पूजा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि पर्व सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके.

# बांधगाड़ी में सरना प्रार्थना सभा युवा समिति का गठन, 12 को आक्रोश महारैली में भाग लेने का निर्णय

**रांची, संवाददाता ।**

रांची के बांधगाड़ी, दीपाटोली में आयोजित विशेष बैठक में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा युवा समिति (अनिबंधित) का गठन किया गया. इस समिति की अध्यक्षता राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा महिला प्रकोष्ठ रांची महानगर की अध्यक्ष सुभानी तिग्गा करेंगी. बैठक में रांची समेत दूरदराज क्षेत्रों से आए सरना धर्मगुरुओं और धर्मावलंबियों ने सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया. इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की ओर से सभी धर्मगुरुओं को सरना गमछा और सखुआ वृक्ष भेंट कर सम्मानित किया गया, जो सरना संस्कृति की आत्मा माने जाते हैं.



**नशामुक्त समाज और सांस्कृतिक जागरूकता का संकल्प**

बैठक में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे सरना समाज को नशामुक्त, धर्मनिष्ठ, संस्कृति-समर्पित और शैक्षणिक रूप से जागरूक समाज के रूप में विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे.

**12 अक्टूबर की आक्रोश महारैली में शक्ति प्रदर्शन का ऐलान**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अक्टूबर 2025 को मोरहाबादी मैदान में आयोजित आक्रोश महारैली में महिला प्रकोष्ठ और युवा समिति की ओर से पूर्ण भागीदारी की जाएगी. यह महारैली कुड़मी/कुर्मी (महतो) को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में आयोजित की जाएगी.

**समाज की व्यापक भागीदारी**

इस समिति के गठन में नामकोम, हटिया, बांधगाड़ी, मांडर, लापुंग, हरमू, सिल्ली, टेंडर, चुंद जैसे गांवों से बड़ी संख्या में सरना अनुयायियों की सहभागिता रही. बैठक को सफल बनाने में रश्मि मिंज, गीता गाड़ी, राजकुमारी उरांव, ललिता खलखो, सीता खलखो, सुनीता कच्छप, बिनीता बीरुवा, अनू उरांव, साधनी उरांव, निरुपा टोप्पो, अमित गाड़ी, गैना कच्छप, मनीष तिग्गा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# झारखंड में सौर ऊर्जा शुल्क के नये नियम, लोड डिस्पैच सेंटर करेगा जांच

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) ने सौर पीवी विद्युत परियोजना और सौर तापीय विद्युत परियोजना से बिजली खरीद के लिए नए शुल्क निर्धारण का नियम तैयार कर लिया है. इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए टैरिफ निर्धारण की प्रक्रिया को स्पष्ट करना और सौर परियोजनाओं के विकास को बढ़ावा देना है.

**नियंत्रण अवधि और टैरिफ अवधि**

सौर परियोजना के कॉमर्शियल संचालन की तिथि से शुरू होगी और 25 वर्षों तक रहेगी. 10 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली परियोजनाओं के लिए प्रतिस्पर्धी बोली अनिवार्य होगी, जबकि 10 मेगावाट से कम क्षमता वाली परियोजनाओं के लिए समय दर समय आधार पर टैरिफ निर्धारित किया जाएगा. आयोग सौर पीवी विद्युत परियोजना, फ्लोटिंग सौर परियोजनाएं और सौर तापीय विद्युत परियोजना, सौर हाइब्रिड ऊर्जा परियोजना और भंडारण सहित सौर परियोजनाओं के लिए समय दर समय के आधार पर परियोजना-विशिष्ट टैरिफ निर्धारित करेगा.

### स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर इन चीजों की करेगा जांच

- जनरेटर की उपलब्धता
- मौसम पूवार्नुमान
- सौर विकिरण
- सामान्य सौर उत्पादन वक्र
- ग्रिड सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्ध सौर ऊर्जा का पूर्ण उपयोग करना
- मुख्य और चेक मीटरों में वास्तविक समय रीडिंग की सुविधा होगी
- मीटर रीडिंग की प्रक्रिया वितरण लाइसेंसधारी या स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा तैयार की जाएगी
- मीटर की गई ऊर्जा का बिल मासिक आधार पर बनाया जाएगा

# झारखंड हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश : जेलों में एचआईवी टेस्ट व इलाज के लिए 6 हफ्ते में बनाएं नियम

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के तहत जेलों में एचआईवी जांच और इलाज के लिए उचित दिशा-निर्देश और नियम बनाने का निर्देश दिया है. साथ ही कोर्ट ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर अपना प्रस्ताव अदालत में पेश करने को कहा है. न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ ने यह आदेश एक आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान दिया. इस अपील में एक दोषी कैदी ने जेल में एचआईवी जांच करवाने से इनकार कर दिया था.




**रोकथाम-इलाज के लिए जरूरी कदम उठाना सरकार की जिम्मेदारी**

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि धारा 5 के तहत, किसी व्यक्ति पर जबरन एचआईवी टेस्ट नहीं कराया जा सकता. लेकिन धारा 13 और 14 के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वे एचआईवी की रोकथाम और इलाज के लिए जरूरी कदम उठाएं. इसमें एचआईवी से संबंधित जांच सुविधाएं, इलाज (जैसे एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी) और संक्रमण नियंत्रण शामिल हैं. कोर्ट ने जोड़ा कि धारा 49 राज्य सरकार को नियम बनाने का अधिकार देती है ताकि अधिनियम को लागू किया जा सके.

**एड्स नियंत्रण सोसाइटी से मामले में विचार-विमर्श आवश्यक : सरकार**

सुनवाई के दौरान, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य सरकार उचित उपाय करेगी. अदालत में दलील दी कि इस तरह के मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एड्स नियंत्रण सोसाइटी के साथ भी विचार-विमर्श आवश्यक है. राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के साथ मिलकर दिशा-निर्देश तैयार करे. यदि पहले से ही राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा कोई निर्देश दिया गया है, तो उसका सही तरीके से पालन किया जाए. अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 नवंबर की तिथि निर्धारित की। तब तक राज्य सरकार को अपने प्रस्ताव अदालत में पेश करने होंगे.

# श्री श्याम मंदिर में मां महागौरी रूप का किया गया आह्वान

**रांची, संवाददाता ।**

श्री श्याम मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मां भगवती की पूजा अर्चना व दुर्गा पाठ का आयोजन किया जा रहा है । आश्विन शुक्ल पक्ष की एकम से नवमी तिथि तक प्रतिदिन मंदिर के आचार्य द्वारा दुर्गा पाठ किया जा रहा है। प्रातःकालीन आरती में प्रतिदिन मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया एवं कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा उपस्थित रहते हैं। संध्या कालीन आरती में सैकड़ो भक्त शामिल होते हैं।

**173 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 173 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। और मनोरथ जो कोई लावे सोई अमित जीवन फल पावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सुनील मोदी हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।



**महानवमी में कन्या पूजन**

शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्याम मंदिर में महानवमी के दिवस विशेष पूजन पाठ का आयोजन किया गया है। प्रातः 7:15 बजे यजमान संजीत चौधरी एवं रंजना चौधरी मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे।इसके बाद हवन पूजन का कार्यक्रम 11:15 बजे से प्रारंभ होगा जो कि हवन पूणार्हुति के साथ सम्पन्न होगा। कुंवारी कन्याओं का पूजन उपहार समर्पण एवं महाप्रसाद भोजन का कार्यक्रम 12:15 से होगा। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।



## सारंडा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का मामला

# राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर गठित, अधिसूचना जारी



संवाददाता । रांची

रांची। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पश्चिमी सिंहभूम जिला के सारंडा के जंगल के कायाकल्प की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ाया है. सारंडा वन क्षेत्र में 575.1941 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सारंडा वन्य प्राणी आश्रयणी (Sarada wild life Sanctuary) बनाने का प्रस्ताव24 सितंबर के कैबिनेट की बैठक में विचार के लिए लाया गया था. इस मामले में संबंधित विभागों के प्रधान सचिवों और सचिवों से विशेष चर्चा और विमर्श के बाद इस प्रस्ताव पर कोई भी अंतिम निर्णय लेने के पूर्व इसकी गहन और विस्तृत समीक्षा के लिए एक पांच सदस्यीय ग्रुप ऑफ मिनिस्टर गठित करने का फैसला भी कैबिनेट ने लिया. कैबिनेट के उसी फैसले के आलोक में आज सोमवार को झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता वाली ग्रुप ऑफ मिनिस्टर में शामिल मंत्रियों के नाम की अधिसूचना जारी कर दी. इस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर में राधाकृष्ण किशोर को अध्यक्ष बनाया गया है जबकि सदस्य के रूप में मंत्री दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव और दीपिका पांडेय सिंह का नाम शामिल है. आज जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में सारंडा वन क्षेत्र को पर्यावरण के दृष्टिकोण से संरक्षित करने और इस क्षेत्र में निवास करने वाले जनजातीय समूहों के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक जीवन, उनकी रूढ़िवादी परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए संरक्षण और विकास का संतुलित दृष्टिकोण हुए उक्त समिति संबंधित क्षेत्र का स्थल भ्रमण कर और सभी पहलुओं पर विचार करके अपनी रिपोर्ट कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करेगी. इस अधिसूचना में यह भी उल्लेखित है कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा उक्त ग्रुप ऑफ मिनिस्टर की कमिटी को अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा. साथ ही समिति के सभी सदस्यों के प्रोटोकॉल संबंधित अन्य व्यवस्थाएं संबंधित जिले के डीसी और वरीय पुलिस अधीक्षक/अधीक्षक करेंगे. 'सारंडा संरक्षण के साथ आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता' : ग्रुपऑफ मिनिस्टर की सदस्य ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशके आलोक में गठित पांच सदस्यीय समिति मंगलवार 30 सितंबर को सारंडा जंगल का दौरा करेगी. इस दौरे का उद्देश्य केवल न्यायालय के आदेश का पालन करना ही नहीं बल्कि स्थानीय जनजातीय समुदायों के साथ रायशुमारी कर उनके सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना भी है।

# सरकारी डॉक्टर्स की आपात बैठक, सुरक्षा नहीं मिली तो कार्यबहिष्कार का लेंगे फैसला



संवाददाता । रांची

रांची । जिला के रांची सदर अस्पताल में 26 और 28 सितंबर को सदर अस्पताल में डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट की घटना हुई. जिसको लेकर आगे की रणनीति बनाने के लिए झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेस एसोसिएशन (JSHSA) की रांची इकाई की आपात बैठक हुई. झासा रांची की ओर से इस तरह कीघटना की कड़ी शब्दों में निंदा की गयी. साथ ही सरकार से डॉक्टर और अन्य चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षाव्यवस्था पुख्ता करने की मांग की गयी. आज की बैठक में डॉक्टर और चिकित्सा कर्मियों में काफी आक्रोशथा. कइयों ने हड़ताल पर जाने काप्रस्ताव भी रखा जिसे जनहित में छुट्टीएवं विशेष कर त्योहार को देखते हुए खारिज कर दिया गया. इंडियनमेडिकल एसोसिएशन (IMA) की झारखंड इकाई ने भी लगातार राज्य में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के साथ मारपीट और अमर्यादित व्यवहार पर चिंता जताई है. सरकार से राज्य के चिकिसकों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है. 'अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए' : झासा रांची के द्वारा सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवं उपाधीक्षक डॉ बिमलेश कुमार सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया गया. रांची सिविल सर्जन और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने घटना पर अपनी संवेदना एवं चिंता व्यक्त की और भरोसा दिलाया कि चिकित्सक समुदाय और मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ेगी. झासा रांची की मुख्य मांगें : ..सदर अस्पताल में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति को रोकने एवं सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम हो...सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित गार्ड की तैनाती हो एवं सीसीटीवी कैमरा का दायरा बढ़ाया जाए.कुछ दिनों से लगातार हो रही डॉक्टर एवं पारामेडिकल कर्मी के साथ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार की घटना का कोलेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव,

## बेड़ो प्रखंड के सेरो मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट संपन्न, फाइनल मैच में पहुंचे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की



संवाददाता । रांची

बेड़ोःबेड़ो प्रखंड के सेरो मैदान में आयोजित पांच दिवसीय भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन जोरदार उत्साह के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्री बंधु तिर्की उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो० मोजीबुल्लाह तथा उप प्रमुख मोदसीर आलम भी शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने हेतु ऐसे आयोजनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# झारखंड हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश जेलों में एचआईवी टेस्ट व इलाज के लिए 6 हफ्ते में बनाएं नियम





संवाददाता । रांची

रांची : रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के तहत जेलों में एचआईवी जांच और इलाज के लिए उचित दिशा-निर्देश और नियम बनाने का निर्देश दिया है. साथ ही कोर्ट ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर अपना प्रस्ताव अदालत में पेश करने को कहा है.न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ ने यह आदेश एक आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान दिया. इस अपील में एक दोषी कैदी ने जेल में एचआईवी जांच करवाने से इनकार कर दिया था. रोकथाम-इलाज के लिए जरूरी कदम उठाना सरकार की जिम्मेदारी :अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि धारा 5 के तहत, किसी व्यक्ति पर जबरन एचआईवी टेस्ट नहीं कराया जा सकता. लेकिन धारा 13 और 14 के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वे एचआईवी की रोकथाम और इलाज के लिए जरूरी कदम उठाएं.इसमें एचआईवी से संबंधित जांच सुविधाएं, इलाज (जैसे एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी) और संक्रमण नियंत्रण शामिल हैं. कोर्ट ने जोड़ा कि धारा 49 राज्य सरकार को नियम बनाने का अधिकार देती है ताकि अधिनियम को लागू किया जा सके. एड्स नियंत्रण सोसाइटी से मामले में विचारवि मर्श आवश्यक : सरकार : सुनवाई के दौरान, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य सरकार उचित उपाय करेगी. अदालत मेंदलील दी कि इस तरह के मामलों सेप्रभावी ढंग से निपटने के लिए एड्स नियंत्रण सोसाइटी के साथ भी विचारवि मर्श आवश्यक है.7 नवंबर को होगी अगली सुनवाई :

## 40 वर्ष से अधिक उम्र के लिए आयोजित 1st हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप 2025 पुरुष में आज तीसरे दिन 04 मैच हुए

- रेंगारी, बांस पहार कोचेडेगा,मरियमपुर और सिमडेगा पूर्वी की टीम जीत हासिल कर सेमीफाइनल में



संवाददाता । रांची

रांची :आज के मैच पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अंजलूस बिलूग, चंद्रशेखर खलखो, बिरेंद्र लकड़ा, एलेक्सिस लकड़ा, एरिक लकड़ा, जोसेफ लुगुन, एल्याजर लकड़ा जैसे खिलाड़ियों ने अपने कलात्मक खेल दर्शकों का मन मोह लिया40 वर्ष से अधिक उम्र सीमा के हॉकी खिलाड़ियों के लिए पहली बार 28 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित 1२३ हॉकी सिमडेगा मास्टर कप 2025 पुरुष में आज तीसरे दिन चार मैच हुए। रेंगारी ने कुजूर ब्रदर को 3=2 से, मरियमपुर ने ए टअठ बीएसएफ को 5=2 से, सिमडेगा पूर्वी ने जोराम भोक्ता एकादश को 2=0 से तथा बांसपहार कोचेडेगा ने सरांडो को पेनाल्टी शूटआउट में 4=2 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाया , मैदानी खेल में दोनो ही टीम तीन तीन गोल की बराबरी पर रहे। रेंगारी, बांस पहार कोचेडेगा,मरियमपुर और सिमडेगा पूर्वी की टीम सेमीफाइनल में जगह बनाया।

आज के मैच पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अंजलूस बिलूग, चंद्रशेखर खलखो, बिरेंद्र लकड़ा, एलेक्सिस लकड़ा, एरिक लकड़ा, जोसेफ लुगुन, एल्याजर लकड़ा जैसे पूर्व के दिग्गज दिग्गज खिलाड़ियों ने अपने कलात्मक खेल से दर्शकों का मन मोह लिया। इससे पूर्व आज के पहले मैच को डीडी न्यूज के जिला प्रमुख श्री मनोज कुमार सिन्हा, दूसरे मैच को तुमड़ेगी पेरिस का फादर थॉमस, भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित ऑल इंडिया टूनामेंट बेटन कप में 1984 में प्लेयर ऑफ द टूनामेंट रहे एल्क्सियस लकड़ा, तीसरे मैच में हॉकी सिमडेगा के पंखरासियुस टोप्पो और चौथे मैच में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अंजलुस बीलूंग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अंजलुस बीलूंग ने कहा कि हॉकी सिमडेगा का यह आयोजन बहुत ही सराहनीय है मैं आज वर्षो बाद पुन मैदान में खेल रहा हूं।

# 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

- रेलवे स्पोर्ट्स 274 अंकों के साथ बना ओवर ऑल विजेता
- पुरुष वर्ग में एस एस सी बी 174 के साथ बना विजेता।
- महिला वर्ग में रेलवे स्पोर्ट्स 175 अंकों के साथ बना विजेता
- पुरुष वर्ग में एस एस सी बी के मणिकांता एस 100 मीटर 10.19 से. 1142 अंकों के साथ बेस्ट एथलीट
- महिला वर्ग में रेलवे स्पोर्ट्स की पूजा 800 मीटर 2:03.16 कुल 1107 अंकों के साथ बेस्ट एथलीट बनी।
- पुरुष ट्रिपल जंप में झारखंड के विशाल बहादुर मीटर पदक से चुके रहे 16.02 मीटर जंप कर चौथे स्थान पर रहे
- 4 गुणा 100 मीटर महिला झारखंड टीम फाइनल में छठे स्थान पर रही





संवाददाता । रांची

राँचीः एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया,नई दिल्ली एवं खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड तथा झारखंड एथलेटिक्स संघ,के संयुक्त तत्वाधान में 27 से 30 सितम्बर तक बिरसा मुंडा स्टेडियम,मोराबादी,रांची में आयोजित 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप देश भर से भाग ले रहे 765 एथलीटों के बीच अंतिम दिन रेलवे स्पोर्ट्स एवं एस एस सी बी के बीच काटे की टक्कर रही जिसमें रेलवे स्पोर्ट्स ओवर ऑल विजेता बना।विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि श्री शेखर जमुआर, निदेशक खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय झारखंड, रांची एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुची सिंह,डॉ0 सरोजनी लकड़ा, शिवेंद्र नाथ दुबे, श्री संदीप सरकारिया, शिवेंद्र कुमार, रजनीश कुमार द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर चेयरमेन फाइनेंस कमिटी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया सह अध्यक्ष झारखंड ओलंपिक संघ, डॉ मधुकांत पाठक,झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी डी सिंह,सचिव एस के पांडे , प्रभाकर वर्मा ,सिकंदर महतो, रणवीर सिंह, अजय नायक, बंधन टोप्पो, उमेश लोहरा डी एस ओ धनबाद, शशांक भूषण सिंह ,प्रभात रंजन तिवारी, योगेश यादव,आशु भाटिया, अनुभा खाखा का महत्वपूर्व सहयोग रहा।वही टेक्निकल डेलीगेट कुलदीप सिंह,सोमनाथ मल्लिक, गिरीश मिश्रा, हनीफ इकबाल,अनवर हुसैन,मंच संचालक मो फरीद,अनिल कुजूर, बिनोद कुमार, शिव रमन, राजेश सिंह सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

## ब्रीफ न्यूज

### डीसी ने सपरिवार किए मां दुर्गा के दर्शन, जिला वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



संवाददाता । रांची

रांची : नवरात्र के पावन अवसर पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आज सपरिवार शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पूरे जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उपायुक्त ने पूजा पंडालों में पहुंचकर श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा सिर्फ धार्मिक उत्सव ही नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। श्री भजन्त्री ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस त्योहार को आपसी एकता, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि पूजा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि पर्व सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।

### ED की बड़ी कार्रवाई, GST धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड की 15.41 करोड़ की संपत्ती अटैच

संवाददाता । रांची





रांची : एऊयानी प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता और हावड़ा में बड़ी कार्रवाई करते हुए 15.41 करोड़ रुपये की 10 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। ये सभी संपत्तियां कारोबारी अमित गुप्ता की हैं, जो बड़े पैमाने पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी सिंडिकेट के मास्टरमाइंड में से एक माना जाता है। एऊके अनुसार, अमित गुप्ता और उसके सहयोगियों के खिलाफ यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय अधिनियम, पीएमएलए 2002 के तहत की गई है। इस मामले में कुल कुर्क की गई राशि लगभग 20.70 करोड़ रुपये है। सूत्रों के मुताबिक, अमित गुप्ता की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ जांच कई महीनों से चल रही थी। यह सिंडिकेट फर्जी आईटीसी क्लेम करके सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने में शामिल था। कुर्क की गई संपत्तियों में आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने बताया कि जांच अभी जारी है और आरोपी के अन्य सहयोगियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में संपत्तियों की कुर्की का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन को सुरक्षित करना और धोखाधड़ी रोकना है।

### रातु हुरहुरी में कुएं में डूबे युवक शव निकाला गया

संवाददाता । रांची



रांची : रातु। थाना क्षेत्र के हुरहुरी लॉरेंस स्कूल स्थित कुएं में डूबे युवक को स्थानीय लोगो ने दो घण्टे के कड़े मशकत के बाद निकाल लिया। युवक के डूबने के बाद शव पानी के नीचे चला गया था। कुएं में पानी भरा होने के कारण लगभग 2 घंटे के बाद शव निकाला गया। युवक की पहचान मो समद अंसारी (20 वर्ष) के रूप में हुई । वह सिमडेगा का रहने वाला था।

### नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन लोगों को मिली राहत



संवाददाता । रांची

रांची :बुढ़मूः चकमे पंचायत के मतवे गांव के बरटोली में सोमवार को 25 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया । ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था । इसे लेकर पूर्व जिला परिषद पार्वती देवी को सूचना दी गई। उन्होंने बिजली विभाग को इस मामले से अवगत कराया।ट्रांसफार्मर मुहैया कराने में सहयोग की अपील की। विभाग से वार्ता कर 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन पार्वती देवी,'' नेता वार्ड सदस्य वारिस अंसारी, सद्दाम अंसारी, शाकिब अंसारी, वहाब अंसारी, अब्दुल अंसारी, मुमताज अंसारी, मजीद अंसारी, महमूद अंसारी, सफीक अंसारी, सजबुल अंसारी, गुल्लू अंसारी, उमराली अंसारी, रेहान अंसारी, आदि थे।

### रांची, 30 सितंबर झारखंड के विभिन्न जिलों में एक से चार अक्टूबर तक भारी बारिश होने की आशंका है।

संवाददाता । रांची

रांची :विभाग के अनुसार मौसम में यह परिवर्तन उत्तरी अंडमान के समुद्री क्षेत्र में बने निम्न दबाव के कारण हो रहा है। इसके प्रभाव से राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से तेज हवा चलने एवं आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।वहीं दो अक्टूबर को राज्य के उत्तर पूर्वी जिले देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज और इन जिलों से सटे मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। साथ ही कहीं-कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।वहीं तीन अक्टूबर को भी राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ तेज गति की हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। साथ ही अक्टूबर को राज्य के उत्तर पूर्वी और उत्तरी मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की आशंका है।

# सीआईएसएफ ने सोनारडीह ओ पी क्षेत्र के अवैध कोयला खदान मे की बड़ी कार्रवाई

## दर्जनों टन कोयला समेत एक जेसीबी जब्त की, कई अवैध मुहानों का किया भंडाफोड़

**धनबाद, संवाददाता**



दुर्गा पुजा के अवसर पर एक तरफ जहाँ चारो ओर धार्मिक उत्साह मे लीन है तो वहीं दूसरी तरफ जिले के बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत सोनारडीह ओपी क्षेत्र में सीआईएसएफ की एरिया-3 यूनिट ने अवैध कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई करते अपनी कर्तव्यपरायणता की बेहतर नजीर प्रस्तुत की है। बीसीसीएल के एरिया-3 के ब्लॉक-4 स्थित ओरिएंटल आउटसोर्सिंग पैच में की गई इस कार्रवाई में टीम ने एक बिना नंबर प्लेट वाली जेसीबी मशीन को जब्त किया, जिसका इस्तेमाल अवैध खदानों मे अवैध खुदाई के लिए प्रयुक्त किया जा रहा था। इस दौरान घटनास्थल पर दर्जनों टन अवैध रूप से निकाले गये कोयले भी मिले। टीम के मुताबिक, इस क्षेत्र मे अवैध खनन का कार्य लंबे समय से होने के साथ साथ सुनियोजित तरीकों से होने का बात बताया गया। इस मौके पर 3-4 अवैध मुहाने मिले और मजदूरों की सुरक्षा के लिए पिलर व तार की घेराबंदी तक की गई थी। इससे साफ है कि यह काम लंबे समय से सुनियोजित तरीके से चल रहा था। कार्रवाई के दौरान टीम को कई टन अवैध कोयला भंडारित मिला। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस कारोबार के पीछे क्षेत्र के एक प्रभावशाली जनप्रतिनिधि के करीबी लोगों का हाथ है, जिससे काले कारोबार का यह धंधा बेखौफ चलाया जा रहा है। फिलवक्त सीआईएसएफ द्वारा जेसीबी को जब्त करने के साथ साथ अन्य कार्रवाई करने की बातें तो बतायी जा रही है, परन्तू इस संबंध मे स्थानीय सोनारडीह पुलिस कोई विशेष जानकारी देने से परहेज कर रही है । चाहे जो भी हो ओ पी क्षेत्र की इस बड़ी कार्रवाई ने अवैध खनन के संगठित बड़े नेटवर्क में हड़कंप तो जरूर मचा दिया है। अब देखना यह है कि इस घटना पर पुलिस प्रशासन का रवैया क्या होगा । क्या दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसेगा ? या फिर यह घटना काली दुनिया के समक्ष एक 'रूटीन वर्क' जैसी दलील बनकर रह जाएगी।

# विजयादशमी को प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण का होगा भूमि पूजन : सोनू गिरी

## विजयादशमी को विहिप भी निकालेगा प्रभु श्रीराम का विजय जुलूस

**धनबाद, संवाददाता**



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के स्थापना दिवस विजयादशमी को सुबह 11 बजे जय माता दी मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन करेगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग मंत्री सोनू गिरी ने इस आशय की जानकारी अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जय माता दी मंदिर परिसर में श्रीराम जी की मूर्ति की स्थापना किया था और 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण का संकल्प भी लिया था। विहिप बजरंग दल विभाग मंत्री सोनू गिरी ने बताया कि श्रीराम मंदिर का नक्शा अभियंताओं द्वारा बनाया गया है। हनुमान जयंती के अवसर पर 2 अप्रैल 2026 को श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा । उन्होंने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर भूमि पूजन के बाद प्रभु श्रीराम का विजय जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में बजरंग दल और हनुमान मंदिर के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने सिंदरी की जनता से इन दोनों कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। इस अवसर पर बजरंग दल सिंदरी प्रखंड संयोजक रंजीत कुमार निषाद, सिंटू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अमन कुमार ठाकुर, प्रखंड मंत्री नीरज गिरी, रोहित सिंह, विनोद यादव, विकास बाउरी, दिलीप, अभिषेक भगत, देव कर्मकार, विवेक शर्मा उपस्थित थे।

### श्रीकृष्णा गौ फाउंडेशन द्वारा पंडालों में ठंडा पानी की व्यवस्था

**पुटकी** : नवरात्र पर श्रीकृष्णा गौ फाउंडेशन के संस्थापक सूरज कुमार गिरी उर्फ. विशाल ने पुटकी बाजार व कच्छी बलिहारी समेत विभिन्न दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क ठंडा पानी की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य नि:शुल्क मानव सेवा व गौ सेवा को बढ़ावा देना है। इस मौके पर कच्छी बलिहारी दुर्गा पूजा समिति ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के कई सदस्य सक्रिय रहे। पानी वितरण कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्य कोशल सिंह, रोशन शर्मा, अरविंद कुमार, अमरजीत शर्मा, अभय सिंह, सोहित सिंह, सोनू पटेल, यशवंत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

### आकाश किनारी काली मंदिर स्थित मां दुर्गा पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन

**धनबाद।** आकाश किनारी काली मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन भाजपा नेता सह समाजसेवी बशिष्ट चौहान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा शक्ति और आस्था का पर्व है, जो समाज को एकजुट करने का कार्य करता है। पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य लोग, श्रद्धालु और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूजा पंडाल की सुंदरता और आकर्षक सजावट लोगों का ध्यान खींच रही है।

### विधायक राज सिन्हा ने की पूजा पंडालों में जाकर माता रानी का लिया आशीर्वाद

**धनबाद** : महा अष्टमी दुर्गा पूजा के अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के मनइटांड कुम्हार पट्टी , श्री श्री दुर्गा पूजा समिति धनसर, मटकुरिया में आयोजित भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव ,श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गोधर बस्ती, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति लोयाबाद पूजा समितियों, पूजा पंडालों में घूम कर पूजा समिति के सभी सदस्यों एवम आमलोगों से मिल उन्हें बधाई दी और माता रानी का आशीर्वाद ग्रहण किया। विधायक राज सिन्हा ने धनबाद और कोईलांचल के विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा किया और पूजा समितियों से मुलाकात की। विधायक राज सिन्हा ने पूजा समितियों के साथ बातचीत की और उनकी तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही बढ़िया पूजा आयोजन के लिए बधाई दी एवम उत्साहवर्धन किया.

# महाअष्टमी का खीर और पूडी का भोग वितरण कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति श्याम नगर भूली ने अपने भोग वितरण को पूरा किया

**धनबाद, संवाददाता**



**धनबाद :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति श्याम नगर भूली के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विधिवत अष्टमी का भोग वितरण कर सेवा भाव कार्य को पूरा किया। भूली ए ब्लॉक आने जाने वाले श्रद्धांलुओं को भोग में खीर पुड़ी की प्राप्ति हुई। महा अष्टमी का भोग ग्रहण कर भक्तो के बिच खुशी का माहौल दिखा।नेताजी सुभाष चंद्र बोस समित यूंही हर वर्ष अपनी यह भक्ति भाव श्रद्धांलुओं के बिच लेकर आते रहेंगे।माता से बस यही केहना है की सभी लोग आपस में मिला जुलकर रहे, सबो का बिच भायचारा बानी रहे साथ साथ ही हमारे संस्था के आपकी द्दस्टि बनी रहे। संस्था के अध्यक्ष श्री राकेश कांति विस्वास ने कहां की हमलोग सामाजिक कार्य के साथ साथ इसी प्रकार अपना कार्य करते रहेंगे। और मै अपनी पूरी टीम से बात कहना चाहता हूं की आप सब यूंही सहयोग करते रहे और संस्था को और भी ऊचाई तक पहुंचाने में मदद करें। भोग वितरण कार्य में जो भी जिसके द्वारा सहयोग किया गया उन्हें तहे दिल से धन्यवाद।

महाअष्टमी भोग वितरण कार्य के बारे में नीलकमल खावस ने यह जानकारी दी की यह कार्य हमेशा यूँही चलते रहेगा। साथ ही यह संस्था जरुरतमंदो के लिए हमेसा आगे रहती है। इस संस्था की यह खूबी है की संस्था में एकजुटता दिखती है।आज इस कार्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के अध्यक्ष श्री राकेश कांति विश्वास संयोजक श्री राजेंद्र प्रसाद साहू सचिव श्री दिलबाग सिंह, रमेश यादव, त्रिभुवन जी, प्रदीप श्रीवास्तव, पूर्णिमा विश्वास इंदु देवी, मंजू देवी, अमीषा कुमारी, काजल कुमारी, अमन कुमार, सोनू कुमार प्रदीप बाउरी, गौरव मुखर्जी, और सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## जय माता दी मंदिर में भक्तों के भीड़ के साथ समाज के गणमान्य भी पधारे

# धनबाद जिला में नगर निगम के अंतर्गत तीसरे स्थान में आनेवाला जय माता दी मंदिर जिला उपायुक्त के सभी मापदंड में खड़ा है : रंजीत कुमार

**धनबाद, संवाददाता**



**सिंदरी।** मां दुर्गा के पूजन कार्यक्रम में सामिल होने धनबाद जिला में नगर निगम के अंतर्गत तीसरे स्थान में आनेवाला जय माता दी मंदिर के कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा केंद्रीय संयोजक सह समाजसेवी दिलीप सिंह एवं झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के प्रदेश सचिव सह चुनाव आयोग की ब्रांड एम्बेसडर श्वेता किन्नर सिरकत कीं। जय माता दी मंदिर के संध्या पूजन कार्यक्रम में पहुँचते ही मंदिर के संगरक्षक रंजीत कुमार, अध्यक्ष अविनाश सिंह, कोषाध्यक्ष प्रशांत चंद्र हुई, इंद्रमोहन सिंह, पवन शर्मा, कुमार राजेश ऊर्फ मुन्नाजी आदि ने आगन्तुकों का स्वागत किया। उसके बाद पूजन कार्यक्रम में सभी सम्मलित हुए। पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत पंडितों के द्वारा किए जा रहे मन्त्रोंच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया एवं सभी भक्त अपने आप झूमने लगे। जय माता दी मंदिर परिसर की साफ सफाई, लोगों के आने जाने की सुगमता, वॉलंटियारों की जगह जगह पर रहने से पूजन कार्यक्रम सह परिसर में शांति एवं सौहार्दपूर्वक पूजन कार्यक्रम सैकड़ों की भीड़ होने के वाबजूद हो सका। मौजूदा लोगों ने मंदिर परिसर प्रबंधक एवं उनकी टीम की सराहना की। जय माता दी मंदिर के कार्यक्रम को सफल करने में सतदेव सिंह, किशोर सिंह, रंजन सिंह, नवीन रजक, अतुल सिंह, हरेंद्र सिंह, तेजू सिंह, सोनू ठाकुर, मनीष गुप्ता, निरंजन अग्रवाल के साथ पिंटू मोदी, वसीम खुरेसी दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रिक्रेशन क्लब थाना मैदान में ब्रह्माकुमारीज की चैतन्य झांकी का हुआ भव्य शुभारंभ

# ऐसे दिव्य कार्यक्रम की मेजबानी करना गर्व की बात : राकेश सिंह

**रामगढ़, संवाददाता**



शास्त्री चौक स्थित हिताची एटीएम के पास संचालित ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन सेवा केंद्र द्वारा थाना मैदान में मंगलवार को भव्य चौतन्य झांकी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एके सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति भुरकुंडा के अध्यक्ष राकेश सिंह एवं बीके रामदेव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात अपने संबोधन में डॉ. एके सिन्हा ने कहा कि जीवंत स्वरूप में देवियों के दर्शन कर आत्मा अलौकिक शांति का अनुभव कर रही है। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और भक्ति की नई चेतना जगाते हैं। मैं स्वयं ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में कई कार्यक्रमों में सम्मिलित हो चुका हूं, जिनकी स्मृतियां आज भी ताजा हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि अपने प्रांगण में ऐसे दिव्य कार्यक्रम की मेजबानी करना गर्व की बात है। ब्रह्माकुमारीज जैसी संस्थाएं समाज के नैतिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बीके रामदेव ने चैतन्य झांकी का अर्थ समझाते हुए कहा मां दुर्गा वह शक्ति है जो हमारे दुगुर्णों का विनाश करती है। मां लक्ष्मी परमात्मा के ज्ञानधन से आत्मा को समृद्ध करती है। मां सरस्वती राजयोगविद्या से हमें ज्ञानवान बनाती है। उन्होंने बताया कि सभी देवियों की वास्तविक शक्ति परमात्मा शिव से ही प्राप्त होती है, जो आज राजयोग द्वारा ब्रह्माकुमारी बहनों को सजीव दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली और गायत्री के रूप में गढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह चैतन्य झांकी विजयादशमी तक प्रतिदिन शाम 4 से रात 8 बजे तक जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी। झांकी में मां दुर्गा का रूप धारण बीके रोशनी बहन, मां सरस्वती और आरती कुमारी मां लक्ष्मी का सजीव रूप है, जो कि श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। बताया गया कि कार्यक्रम के समापन के बाद 3 से 10 अक्टूबर तक निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर आयोजित किया जाएगा।

### विधायक ने भक्ति जागरण, झांकी कार्यक्रम का फीता काट कर किया उद्घाटन

**गोला।** गोला प्रखंड के कोराम्बे में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने भक्ति जागरण व झांकी कार्यक्रम का फीता काट कर किया उद्घाटन। गोला प्रखंड के कोराम्बे में श्री श्री दुर्गा पूजा कमिटी की ओर से भक्ति जागरण एवं झांकी कार्यक्रम का आयोजन देर रात बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रामगढ़ विधायक ममता देवी ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी ने सर्वप्रथम देवी दुर्गा के मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना करते हुए सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति ने विधायक ममता देवी का चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के गोला प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, मुखिया गीतांजलि तिर्की, पूर्व मुखिया विशाल करमाली,जगेश्वर महतो, अमरलाल कुशवाहा, बिस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, किस्टो तुरी, लतीफ अंसारी, समिति के अध्यक्ष भागीरथ राजवंश, सचिव जलधर चंद्र कपड़दार, कोषाध्यक्ष भागी महतो, काली करमाली, सूची रजवार, देवचरण महतो, चंदर महतो, प्रमोद महतो, गौतम महतो, धनु रजवार, उत्तम कुशवाहा, संतोष कुशवाहा आदि थे।

## जिंदल स्टील पतरातु में भक्ति और उत्साह के दुर्गा पूजा का हुआ भव्य आयोजन

# ऐसे आयोजन हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करते हैं: कृष्ण बल्लभ सिंह

❖भक्ति जयकारों से गूंज रहा है क्षेत्रद्व भक्ति के सागर में डूबे श्रद्धालु महिला-पुरूष

**रामगढ़, संवाददाता**



जिंदल स्टील बालकुरा पतरातु परिसर में इस वर्ष दुर्गा पूजा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थापित मा दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष 8 दिनों से विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मुख्य पुजारी शशिकांत पाठक ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से संपन्न कराई। यजमान के रूप में प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह, महाप्रबंधक संतोष कुमार, आईबीएन राव, दीपक सिंह एवं दीपक कुमार उपस्थित रहे। आयोजन में सतीश कुमार सिंह मानव संसाधन प्रमुख, रूपेश कुमार, अभय कुमार ने भी सक्रिय सहयोग दिया। पूजा के साथ-साथ प्रतिदिन डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाएं, पुरुष और बच्चे उत्साह से भाग ले रहे हैं। बच्चों को विशेष मंच देकर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित भी किया गया। प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह आस्था, एकजुटता और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। पूरे कार्यक्रम में परिसर के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर कंपनी के समस्त अधिकारी और कर्मचारी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# आरएसएससंघ की स्थापना के100वर्ष पुरे होने पर गिद्दी ए में भी मनाया गया स्थापना दिवस

## मां दुर्गा मंडप पर विधिवत रूप से भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया नमन और भगवा ध्वज तले की गई शस्त्र पूजन



**रामगढ़, संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा संघ की स्थापना के 100 वर्ष पुरा होने पर पूरे देश सहित व्यापक स्तर पर हर वर्ष की भांति गिद्दी ए दुर्गा मंडप पर शस्त्र पूजन का आयोजन भगवा ध्वज के तले किया गया। सर्वप्रथम भारत माता की तस्वीर का पूजन एवं शस्त्रों का पूजन जिला सह कार्यवाह अमित कुमार एवं मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पाण्डेय द्वारा किया गया।तत्पश्चात मुख्य शिक्षक मनीष सन्नी कुमार ने संघ के तौर तरीके पर कार्य करते हुए मौजूद लोगों से ध्वज प्रणाम गीत गवाया गया और संघ जिला सह कार्यवाह अमित कुमार ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से ओम प्रकाश महतो (खंड कार्यवाह), मनोज कुमार खंड बौद्धिक कार्यकर्ता, मनीष कुमार पृथ्वी जिला बाल प्रमुख, सन्नी कुमार मुख्य शिक्षक, अमित कुमार मिश्रा जिला सह कार्यवाह, पुरुषोत्तम पाण्डेय सांसद प्रतिनिधि मांडू विधानसभा, गुंजन साव सांसद प्रतिनिधि डाडी, बृजकिशोर पाठक, बसंत सिन्हा, प्रवीण कुमार सिंह, सुनंद कुमार, अखिलेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कुश महतो, सिया राम सिंह, सुदामा शर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, रमेंद्र पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन की मुस्तैदी: अफवाहों पर न दें ध्यान, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने आमजन से की अपील : लातेहार एसपी कुमार गौरव

## डीसी और एसपी ने संभाल रखी है जिले की कमान, जिलेभर में हो रही गतिविधियों पर है नजर

**लातेहार, संवाददाता**



दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा आज मनिका प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण कर अवलोकन में लगे हैं, साथ ही प्रमुख चौक-चौराहे, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान पूजा पंडालों में विधि-व्यवस्था, भीड़-नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरा एवं पार्किंग की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। साथ ही उपस्थित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान आपातकालीन तैयारियां जैसे अग्निशमन, चिकित्सा सुविधा, और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया, उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर प्रशासन को सहयोग करते हुए आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ दुर्गा पूजा का उत्सव मनाने की बात कही, जिला प्रशासन ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे पूजा पंडालों में दर्शन के दौरान शांति बनाए रखें, यातायात नियमों का पालन करें, और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस थाने या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि दुर्गा पूजा का यह पर्व जिले में हर्षोल्लास, शांति, और सुरक्षा के साथ संपन्न हो, मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनिका अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी समेत कई समाजसेवी उपस्थित थे।

